सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 61 | इंदौर, गुरुवार 12 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## OSHO कहिन



नानक जो कह रहे हैं, कि तुम अगर अपने को बीच में लाना बंद कर दो, तो तुम्हें मार्गों का मार्ग मिल गया। छोड़ दो उस पर वह जो करवा रहा है, जो उसने अब तक करवाया है, जो वह कल करवाएगा... उस सब के लिए धन्यवाद। तुम बिना लिखा चेक धन्यवाद का उसे दे दो।

## Headline

1. Wolf Attack: दो बच्चियों के बाद अब भेड़िये ने महिला पर किया हमला, मादा भेड़िया पकड़े जाने के बाद फिर बढ़े हमले
2. UP News: मैनपुरी में बारिश का कहर, पांच लोगों की मौत...दो बच्चे भी शामिल; दीवार गिरने से हुए हादसे
3. Rudraprayag Accident: बांसवाड़ा के पास हादसा...सड़क से 15 फीट नीचे गिरा वाहन, चालक सहित सात लोग थे सवार

# दतिया में किले की दीवार ढही, नौ दबे, दो की मौत

## अशोकनगर में दो युवक पानी में बहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

दतिया/अशोकनगर। दतिया जिले में राजगढ किले की बाहरी दीवार ढहने से नौ लोग दब गए हैं। पडोसियों ने मलबे में से दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने दो शव निकाले। मलबे में दबे तीन बच्चों समेत पांच लोगों को निकालने का काम चल रहा है। पड़ोसी राहुल रजक ने बताया कि सुबह करीब साढे तीन बजे बहुत तेज आवाज आई। बाहर निकले तो देखा तो किले की दीवार गिर गई है। हमने दो लोगों को तत्काल बाहर निकाला और हॉस्पिटल भेजा। डायल-100 को फोन लगाया तो एक पुलिसकर्मी पहुंचा और लोगों को निकालने में मदद करने लगा।



मौके पर कलेक्टर संदीप मकीन, एसपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा और एसडीईआरएफ की टीम मौजूद है। पुलिस ने महिलाओं और स्थानीय लोगो को शांत करवाया। मौके पर मौजूद लोगों ने रेस्क्यू की गति धीमी होने का आरोप लगाकर सुबह करीब आठ बजे हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि मलबा हटाने में लापरवाही बरती जा रही है। सुबह चार बजे से मलबा हटाया रहा है, लेकिन रेस्क्यू टीम एक भी आदमी को बाहर नहीं निकाल पाई है। रास्ता काफी संकरा है। कोई भी बड़ा वाहन यहां नहीं पहुंच पा रहा है। इस कारण रेस्क्यू में परेशानी आ रही है। गेट के मुहाने पर दो पोकलेन मशीन और एक जेसीबी आकर खड़ी है। उसे भीतर लाने के लिए बाहरी हिस्से की बांउड्री वॉल को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। लोग गैंती-फावड़े की मदद से मलबा हटा रहे हैं। दतिया विधायक राजेंद्र भारती भी मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा ऐसी घटनाएं न घटें, इसकी तैयारी जिला प्रशासन को पहले से करके रखना चाहिए। हालात बिगड़े हैं। अभी जो तैयारी है, वह नाकाफी हैं।शासन-प्रशासन से मांग है कि पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपए की तत्काल आर्थिक मदद की जाए। घायलों को इलाज के लिए दो-दो लाख की मदद की जाए। प्रशासन जल्द से जल्द मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाले।

### पानी से बाइक निकालते समय दो युवक बाइक के साथ बहे

अशोकनगर जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। ऐसे में पुलिया के ऊपर से बह रहे पानी से बाइक निकालते समय दो युवक बाइक के साथ बह गए। इसका वीडियो सामने आया है।हालांकि, दोनों युवक तैराक थे। इस कारण से बहते हुए पानी में तैरते हुए आगे की ओर बढ़ गए। पानी से बाहर निकल गए। यह घटना जिले के शाढ़ौरा तहसील क्षेत्र के पीलीघटा व खैजरा अटारी के बीच में पड़ने वाली सिंध नदी के किनारे की पुलिया की है। बुधवार शाम के समय दो युवक मनोज केवट एवं अनिल केवट अपनी बाइक से उफनती पुलिया को पार कर रहे थे। अचानक से बाइक पानी के तेज बहाव में बहने लगी। युवकों ने बाइक को काफी संभालने का प्रयत्न किया लेकिन वेग अधिक होने के कारण बहती धारा की ओर बाइक के साथ दोनों युवक भी बहने लगे। पुलिया के किनारे पर पहुंचे ही युवकों ने बाइक को छोड़कर खुद को संभालने का प्रयत्न किया लेकिन वह नाकाम रहे। पहले बाइक पुलिया से नीचे गिरी, फिर दोनों युवक भी नहीं संभाल सके। पुलिया में गिर गए। घटना की जानकारी लगने के बाद रात के समय शाढ़ौरा थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। रास्ते पर पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

झांकी में डीजे रहेगा प्रतिबंधित

# नशा करके चल समारोह में शामिल होने वालों के विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्रवाई

## झांकी बनाने वाली मिलों को दी जाएगी एक-एक लाख रुपए की आर्थिक मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में अनंत चतुर्दशी चल समारोह 17 सितंबर को निकाला जायेगा। इस चल समारोह के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। इस संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह ने चल समारोह के दौरान निकलने वाली झांकियों और अखाड़ा संचालकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि चल समारोह निर्धारित समय से शुरू हो। कानून व्यवस्था का पूरा पालन किया जाये।**



बैठक में बताया गया कि चल समारोह में डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक नियंत्रण अधिनियम का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। चल समारोह में नशा करके आने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चल समारोह में ब्रीथ एनेलाइजर के माध्यम से जांच की जाएगी। चल समारोह में अनुमति प्राप्त बैण्ड को ही शामिल होने की अनुमति रहेगी।

बैठक में सभी झांकी संचालकों और अखाड़ा संचालकों को व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी गई। उनसे आग्रह किया गया कि वे समय, अनुशासन और नियम-कानून का पालन सुनिश्चित करें। बैठक में अनुपस्थित रहने पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज सक्सेना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उनके विरुद्ध विभागीय जांच के लिए भी निर्देशित किया गया।

बैठक में निर्देश दिये गए कि अखाड़ों में अप्रशिक्षित व्यक्तियों को शामिल नहीं किया जाये। झांकी के साथ जो अखाड़े रहते हैं प्रत्येक अखाड़े के साथ अधिकतम एक बैलगाड़ी एवं एक ठेला गाड़ी से अधिक वाहन नहीं रहे। यदि असीमित संख्या में घोड़ा गाड़ी, ठेले निकलते हैं तो उन्हें रोका जायेगा। हाथी, ऊँट आदि को सम्मिलित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। अखाड़े किस झांकी से संबंधित है, इसकी जानकारी सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा रखी जायेगी। अखाड़े के सदस्यों द्वारा अखाड़े का नाम अंकित की हुई बनियान, पोशाक, बैज उपलब्ध करवाये जाये, जिससे अखाड़े के सदस्यों को पहचाना जा सकें। अखाड़े के सदस्यों को नियंत्रित करने की जवाबदारी खलीफा/उस्ताद की रहेगी। अखाड़े में सम्मिलित व्यक्तियों द्वारा नशा या मद्यपान चल समारोह के दौरान नहीं किया जाये। यदि कोई व्यक्ति नशा करता हुआ पाया जाता है तो, संबंधित पुलिस अधिकारी द्वारा उसे जुलूस से बाहर करने का अधिकार रहेगा। अखाड़े में धारदार हथियार लेकर चलना वर्जित होगा। अखाड़े के खलीफा तलवार को केवल प्रतीक के रूप में लेकर जुलूस में रहेंगे। तलवार के अतिरिक्त बनेटी व एक पटा तथा निर्धारित शस्त्र प्रत्येक अखाड़े को लेकर चलने की अनुमति रहेगी, जिसका प्रदर्शन किया जा सकेगा। अखाड़े या झांकियां में घातक हथियार किसी के पास पाया गया तो पुलिस द्वारा उसे जप्त किया जा सकेगा। ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों का अखाड़े के सभी सदस्य पालन करें। समारोह के दौरान उनसे विवाद कर अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होने देना सुनिश्चित करेंगे।

निर्देश दिए गए हैं कि अखाडे जिस मिल की झांकी से संबंधित हो व उस मिल की झांकी के पास शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंच जाये ताकि झांकी समय पर निकाली जा सके, विलंब से निकलने वाले अखाड़ों की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रमुख मार्ग पर काफी संख्या में मंच लगते हैं तथा प्रत्येक अखाड़े के कलाकार हर मंच के सामने रूक कर अधिकतम समय तक प्रदर्शन करते रहते हैं तथा झांकी काफी देर तक रूक जाती है तथा दो झांकियों के बीच में काफी अंतर हो जाता है, इनके कारण जुलूस में विलंब होता है। सभी खलिफाओं का यह दायित्व होगा कि, वे अखाड़े के सदस्यों को यह समझाईश दें की किसी भी स्वागत मंच पर एक दो मिनिट से अधिक प्रदर्शन नहीं करें। स्वागत मंच पर माईक पर बोलने वाला व्यक्ति गरिमामय शब्दों का प्रयोग करें तथा अश्लील तथा फूहड़ गाने आदि नहीं बजायें। जुलूस में गेप होने की दशा में अखाड़ों को ज्यादा समय नहीं दिया जाये। मुंह से मिट्टी का तेल डालकर आग निकालने वाला खतरनाक प्रदर्शन तथा शरीर में धारदार हथियार लगाकर खून निकालने वाले प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। बैठक में अखाड़े के खलिफाओं को यह भी स्पष्ट किया गया कि अखाड़े में हाथी एवं ऊंट निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। निर्देश दिए गए कि दुश्मनी को लेकर दलबंदी करने वाले अखाड़ों पर विशेष नजर रखी जाये। अखाड़े के संचालकों को यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि, ड्यूटी पर उपस्थित कार्यपालिक दण्डाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं किया तो उसे जुलूस से अलग कर दिया जायेगा तथा बाद में अनुमति नहीं दी जायेगी।

### झांकी संबंधी निर्देश

चल समारोह मिल क्षेत्र से प्रारंभ होकर मजदूर मैदान, भण्डारी मिल, श्रम शिविर, देवी अहिल्या मार्ग, एम0जी0रोड, कृष्णपुरा, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नृसिंग बाजार, चौराहा सीतलामाता बाजार, गौराकुण्ड, खजुरी बाजार से राजबाड़ा होकर वापस अपने मिल में पहुँचेगा। निर्देश दिए गए कि झांकियाँ समय पर निकले यह प्रयास किये जाये। झांकियों के निकलने का क्रम पूर्वानुसार परम्परागत रहेगा। नई झांकी को शामिल नहीं किया जायेगा। यदि निर्धारित झांकी समय से बाहर नहीं आती है तो, उसके स्थान पर अगली झांकी को आगे बढ़ा दिया जायेगा। सभी समय का पालन करें। सभी संस्थायें अपने साथ चलने वाले अखाड़ों के नाम /पता तथा उनके उस्ताद/खलिफाओं की सूची सहायक पुलिस आयुक्त, परदेशीपुरा को उपलब्ध करायेंगे। झांकी निकालने वाली संस्थाओं में निजी वाहनों के काफिलों को सम्मिलित नहीं किया जाये, अगर निजी वाहन झांकियों के बीच चलते पाये गये तो उन्हें झांकी से पुलिस प्रशासन अलग करेगा। सभी आयोजक अपने पूर्ण नाम/पते, अखाड़े के नाम/पते भी सहायक पुलिस आयुक्त परदेशीपुरा को देवें। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तथा लोक निर्माण विभाग ( विद्युत एवं संधारण) के कार्यपालन यंत्री, निरीक्षक, विद्युत सुरक्षा प्रतिदिन एसडीएम मल्हारगंज तथा सहायक पुलिस आयुक्त, परदेशीपुरा के साथ झांकियां जहाँ निर्माण हो रही है, वहां जाकर यह देखेंगे कि, जिस वाहन पर झांकी बनाई जा रही है उसके टायर ट्यूब, स्टेपनी आदि सही है। आयोजकों के पास जनरेटर की पर्याप्त व्यवस्था तथा वायरिंग आदि ठीक हो जिससे चल समारोह के दौरान कोई बाधा उत्पन्न न हो। संबंधित एसडीएम एवं सहायक पुलिस आयुक्त झांकी निर्माण स्थल पर जाकर यह भी देखेंगे कि, कोई ऐसा दृश्य तो प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है जिससे किसी वर्ग या व्यक्ति विशेष की भावना को ठेस पंहुचे। यदि ऐसा किया जा रहा हो, तो आयोजकों को लिखित सूचना देकर आवश्यक सुधार करवायें।

## निगम ने झांकी मार्ग पर जर्जर मकान को जमींदोज किया

**इंदौर।** अनंत चतुर्दशी चल समारोह को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेजी कर दी हैं। गुरुवार को भी झांकी मार्ग पर खतरनाक मकानों को ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई की गई। दरअसल प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिहाज से झांकी मार्ग पर स्थित खतरनाक मकानों को गिराए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज निगम अमले ने सीतलामाता बाजार में कार्रवाई करते हुए एक जर्जर भवन को तोड़ा गया। सालों पुराना यह जर्जर मकान खतरा बना हुआ था। इसके दो दिन पहले भी निगम की टीम द्वारा खजूरी बाजार में खतरनाक मकान को तोड़े जाने की कार्रवाई की गई थी।




## संभागायुक्त सह ने की विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर विकास प्राधिकरण में संभागायुक्त सह प्राधिकरण अध्यक्ष दीपक सिंह ने शहर के ट्रैफिक की सुगमता को लेकर इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे कार्यों की सघन समीक्षा की। जिसके अंतर्गत 4 प्रमुख चौराहों भंवरकुआ, फूटी कोठी, खजराना एवं लव कुश चौराहे पर फ्लायओवर, एम आर 10 पर बनाए जा रहे आईएसबीटी के कार्यों को पूर्ण होने में हो रही कठिनाइयों और उनकी प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए। संभागायुक्त ने अक्टूबर में फूटी कोठी, भंवरकुआं, खजराना ब्रिज का लोकार्पण करवाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही माह नवंबर में लव कुश चौराहे लेवल वन का भी लोकार्पण कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अधीक्षण यंत्री अनिल जोशी, सी.पी. मुँदडा एवं अनिल चुघ सहित कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस महासचिव यादव की पीएम से मांग

## चीनी लहसुन की तस्करी में शामिल व्यापारियों पर हो रासुका-एनएसए के तहत कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। एमपी कांग्रेस के महासचिव राकेश यादव ने पत्र में कहा कि चीन का प्रतिबंधित लहसुन देश के विभिन्न राज्यों की मंडियों में तस्करी के माध्यम से पहुंच रहा है। राकेश यादव ने इसे केंद्र सरकार की सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी विफलता बताया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल देश की सीमाओं पर सुरक्षा में गंभीर चूक हो रही है, बल्कि यह देशवासियों के स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा है।**

राकेश सिंह यादव का कहना है कि 2014 से चीन के लहसुन पर भारत में प्रतिबंध लगा हुआ है। क्योंकि इसमें कैंसर पैदा करने वाले कैमिकल्स की मात्रा अधिक पाई गई थी। इसके बावजूद चीन से लहसुन की तस्करी लगातार जारी है, जो चिंता का विषय है। कांग्रेस महासचिव ने अपने पत्र में कहा कि केंद्र सरकार को तुरंत इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए और तस्करी रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) की समीक्षा की जाए और चीन का लहसुन देश की मंडियों में मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। राकेश सिंह यादव ने मांग की है कि देश की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई जाए और तस्करी में शामिल व्यापारियों के खिलाफ रासुका और एनएसए के तहत मामला दर्ज किया जाए। साथ ही मंडियों में पाए गए चीन के लहसुन को तुरंत जब्त कर नष्ट किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए इसे देश की सुरक्षा और जन स्वास्थ्य दोनों के लिए बड़ा खतरा बताया है।

# सरकारी यात्री प्रतीक्षालय पर आगरा सरपंच के पिता का कब्जा

## सत्ताधारी नेता का संरक्षण प्राप्त है सरपंच को, अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। आए दिन ग्राम पंचायत आगरा में कुछ ना कुछ मामले निकल के सामने आ रहे है दो दीन से गंदगी को लेकर अखबारों में खबर प्रकाशित हो रही है और आगरा के सरपंच और सचिव को जनपद सीईओ ने गंदगी के मामले में नोटिस भी जारी कर रखा है पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई । गांव आगरा में अभि एक मामला तो ठंडा नही हुआ और सरपंच के पिता का एक कारनामा और सामने आ गया सरकारी यात्री प्रतीक्षालय पर सरपंच के पिता सब्जी की दुकान लगाते हैं सरकार ने यात्री प्रतीक्षालय आम नागरिक और महिलाओं के बैठने के लिए बनाए हैं जिस पर अपने सत्ता के रसूक के दम पर सरपंच मनोज छाड़िया के पिता प्रतिदिन अपना व्यापार व्यवसाय कर रहे है। जिसके कारण आवागमन के लिए आम नागरिकों को सड़क के किनारे खड़ा रहना पड़ता है महिलाओं को सबसे ज्यादा तकलीफ का सामना करना पड़ता है सड़क किनारे खड़े होने से हादसा होने का डर का माहौल बना रहता है। यात्री प्रतीक्षालय के पीछे की ओर दिनभर नशेड़ियों का आवा गमन रहता है दिन भर नशा करने वाले लोग बेठे रहते है बारिश के दौर में यात्रियों को यात्री प्रतीक्षालय के बाहर खड़ा रहकर बस का इंतजार करना पड़ता है और पानी आने की वजह से कहीं बार आम नागरिक गीले भी हो जाते है। सरपंच सत्ता पक्ष के नेता से जुड़ा है इसलिए आधिकारी कार्यवाही करने से बचते नजर आ रहे है। सरपंच के कारनामों से ग्रामीण जन भी नाराज है। गांव के लोगों का कहना है की अगर समय रहते यात्री प्रतीक्षालय खाली नहीं कराया गया तो हम इसकी शिकायत एसडीएम के समक्ष करेंगे और जनसुनवाई में इंदौर कलेक्टर को भी आवेदन देंगे सरपंच को हम इसलिए चुनते हैं कि वह गांव में विकास करें पर वह तो खुद सरकारी यात्री प्रतीक्षालय पर कब्जा करके बैठे हैं ऐसे कैसे वह गांव का विकास करेंगे अब देखना होगा की जिम्मेदार अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।

# कारीगर को ठेकेदार ने बंधक बनाकर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। टाइल्स लगाने का काम करने वाले कारीगर को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। कारीगर ने ठेकेदार से अपने रुपए मांगे थे। इस पर ठेकेदार के साथी ने कारीगर को कमरे में बंद करके पीट दिया और पैसे देने से भी मना कर दिया। डर के चलते कारीगर मुरैना भाग गया। चार माह बाद पिता के साथ इंदौर आकर केस दर्ज कराया है।

मामला आजाद नगर इलाके का है। थाना प्रभारी नीरज मेढा के मुताबिक 27 वर्षीय सतेन्द्र पिता गोपाल धाकड़ निवासी कैलारस, मुरैना की शिकायत पर ठेकेदार सुभाष धाकड़ निवासी मयूर नगर मूसाखेड़ी, संजय धाकड़, अरविंद रावत, रिंकू रावत तीनों निवासी नेमाव रोड और संजू उर्फ बाबाजी पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। कारीगर सतेन्द्र ने बताया कि वह टाइल्स लगाने का काम करता है। पहले वह झांसी में काम करता था। परिचित ठेकेदार सुभाष ने इंदौर बुला लिया। उसने कहा कि तुम काम अ'छा करते हो यहां काम करो। काम देखकर पेमेंट बड़ा दूंगा। करीब ढाई माह बाद भी पेमेंट नहीं बढ़ाया। 18 मई 2024 को उससे काम का पेमेंट मांगा। इसके बाद सुभाष और उसके साथी संजय पकडक़र उनके एक कमरे में लेकर गए। यहां अन्य लेबर को भी बुला लिया। अपशब्द कहते रहे और मारपीट करते रहे। रूम में रखा मशीन का बेल्ट उठाकर बारी बारी से मारा। उन्होंने शाम तक पीटा। इसके बाद रात को छोडक़र कहा कि किसी को यह बात बताई तो ठीक नहीं होगा। मैं डर के चलते कैलारस चला गया। यहां परिवार को जानकारी नहीं दी। बाद में उन्होंने इंदौर में काम को लेकर पूछा तो पूरी घटना बताई। इसके बाद सतेन्द्र इंदौर पिता के साथ आया। इसके बाद थाने आकर आरोपियों पर केस दर्ज कराया।

# खेत में पेड़ पर लटका मिला लड़के का शव

इंदौर। कनाडिया में रहने वाले एक लडक़े का शव घर के पास खेत में पेड़ पर टंगा मिला। उसने शाम को भी अपनी जान देने की कोशिश की। तब लोगों ने उसे बचा लिया। बाद में उसका शव गुरुवार को फंदे पर लटके मिला। कनाडिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम संजय पुत्र केसर निवासी बेगम खेड़ी है। उसका शव एक पेड़ पर लटका मिला। बताया जाता है कि इलाके में उसने बुधवार को भी सुसाइड का प्रयास किया था। जब लोगों ने उसे बचाकर डायल 100 को सूचना की थी। पुलिस अब आगे की जांच कर रही है।

# ड्राइवर ने कंटेनर से उड़ा ली कार

## सुपरवाइजर ने अमानत में खयानत का केस दर्ज कराया

### 5 कारें लोड की थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दिल्ली से मुंबई में कारों की डिलेवरी होना थी। यह सभी कारें कंटेनर से पहुंचाई जा रही थी, रास्ते में ड्राइवर ने कंटेनर खड़ा कर दिया और उसमें रखी कार लेकर भाग निकला मामले में तेजाजी नगर थाने में ट्रांसपोर्ट कंपनी के सुपरवाइजर ने ड्राइवर पर अमानत में खयानत का केस दर्ज कराया है। आरोपी राजस्थान का रहने वाला है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।**

पुलिस ने बताया कि दिल्ली के बरोड रोड कॅरियर प्राइवेट लिमिटेड ट्रांसपोर्ट गुडग़ांव के सुपरवाइजर घासीराम पिता केसर राम निवासी खुबा की ढाणी रंजीत पुरा राजस्थान ने कंपनी के ड्राइवर रिजवान पिता अयूब निवासी गावडी जूरहेड़ा, भरतपुर राजस्थान के खिलाफ केस दर्ज कराया है। रिजवान 6 सितंबर की रात 11 बजे नायता मुंडला बाइपास ब्रिज पर कंटेनर लावारिस हालत में छोडक़र अंदर से स्विफ्ट डिजायर कार लेकर भाग गया।

घासीराम ने बताया कि उन्होंने कंटेनर में मानेसर गुडगांव से मारुति कंपनी की 5 कारें लोड की थी। जिनकी डिलीवरी सिमरन मोटर्स मुंबई पर होना थी। 6 सितंबर को उनके ट्रैकिंग मैनेजर ने देखा कि उनका कंटेनर तेजाजी नगर इलाके में सिल्वर स्प्रिंग से रालामंडल के बीच काफी समय से खड़ा है। उसने ड्राइवर के दो नंबरों पर कॉल किया, तो दोनों नंबर बंद आने लगे। तब इंदौर की कंपनी के ड्राइवर को कॉल कर मौके पर भेजा। जब वह मौके पर पहुंचा तो गाडी का लॉक खुला था।

### चार कारों के दस्तावेज भी नहीं थे

उसमें स्विफ्ट कार नहीं थी। वही उसके अंदर खडी अन्य चार कारों के दस्तोवज भी नहीं थे। ड्राइवर ने जब जानकारी दी तो उससे पुलिस को कॉल करने के लिए कहा गया। कंटेनर को पार्किंग में रखवाया और इंदौर आकर मामले में शिकायत की गई।

# ग्राम पंचायत आगरा में स्वच्छता की उड़ाई जा रही है धज्जियां

## सरपंच ने लगाएं हजारों के बिल जमीनी हकीगत में गंदगी का साम्राज्य






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान को लेकर नई-नई योजनाएं बना रहे हैं वहीं इंदौर हमेशा स्वच्छता को लेकर प्रथम स्थान पर रहा है इंदौर के देपालपुर तहसील में ग्राम पंचायत आगरा में स्वच्छता अभियान की खुलेआम धजिया उड़ाई जा रही है ना कोई देखने वाला ना कोई सुनने वाला ग्राम पंचायत आगरा के सरपंच मनोज छाडीया ने स्वच्छता अभियान को लेकर हजारों रुपए के बिल लगाए हैं लेकिन जब जमीनी हकीगत देखी गई तो आगरा चौराहे के मुख्य द्वार के पास शौचालय के बाहर पड़ी गंदगी देखकर हर कोई हक्का बक्का रह गया रोड़ पर शौचालय बना है पर शौचालय की गंदगी देख शौचालय में जाना पसंद नहीं करता ऐसा लगाता है महीनो से साफ सफाई नही हुई है 10 से 15 दीन पहले देपालपुर जनपद सीईओ एमएल वर्मा ने भी ग्राम पंचायत आगरा का दौरा किया था सीईओ गांव का दौरा करने निकले तो गंदगी देख दंग रह गए उन्होंने सरपंच मनोज छाड़िया और पंचायत सचिव राजेश उपाध्याय को जमकर फटकार लगाई और कहा की आगे से इस प्रकार की लापरवाही नही होनी चाइए लेकीन देपालपुर प्रेस क्लब की टीम ने दौरा किया तो मुख्य रोड़ पर गंदगी का साम्राज्य मिला अब देखना यह होगा कि जनपद सीईओ इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

इस मामले में प्रतिदिन दिन जनपद सीईओ एमएल वर्मा से बात की तो उनका कहना है कि पहले भी हमने स्वच्छता को लेकर नोटिस जारी किया था अगर गंदगी नहीं हटी है तो हम वापस से नोटिस जारी करके गंदगी को हटाएंगे और मैं देपालपुर जनपद से अधिकारियों को भेज कर दिखाता हूं।

### भस्मारती की नई व्यवस्था

# दर्शनार्थियों को अब हाथ में बांधना होगा रेडियो फ्रीक्वेंसी बैंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सुबह चार बजे होने वाली बाबा महाकाल की भस्म आरती को देखने के लिए हर कोई लालायित रहता है। लेकिन श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के नियमों के तहत प्रतिदिन 1,600 श्रद्धालु ही बाबा महाकाल की इस आरती में शामिल हो पाते हैं। भस्म आरती को देखने के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन के साथ ही प्रोटोकॉल के तहत परमिशन दी जाती है। लेकिन इस व्यवस्था के बावजूद भी कई श्रद्धालु धोखेबाजों का शिकार होते हैं।

भस्म आरती देखने के लिए प्रति व्यक्ति एक, दो नहीं, बल्कि10,000 तक शुल्क चुकाते हैं। इसी प्रकार की ठगी को रोकने के लिए आने वाले दिनों में श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति प्रयोग के तौर पर एक नई व्यवस्था लागू करने वाली है, जिसके तहत अब बाबा महाकाल की भस्म आरती देखने जाने वाले श्रद्धालुओं की कलाई पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन बैंड बांधा जाएगा, जिससे ऐसे श्रद्धालुओं की पहचान आसानी से की जा सकेगी। जो कि बिना परमिशन के भस्म आरती में शामिल हुए हैं।



**फ्लैप बैरियर से अटैच होंगे बैंड**

बताया जाता है कि नई दर्शन व्यवस्था के तहत जहां भस्म आरती में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के हाथों में जहां बैंड बांधा जाएगा। वहीं, यह बैंड फ्लिप बैरियर से भी अटैच रहेगा। श्रद्धालु जैसे ही हाथों में बंधे इस बैंड को बैरियर पर लगे स्कैनर से स्कैन करेंगे, वैसे ही यह गेट खुल जाएगा। याद रहे की ऐसी व्यवस्था वर्तमान में मेट्रो स्टेशन व एयरपोर्ट पर है।

बता दें कि इस नई व्यवस्था की जानकारी देते हुए श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश धाकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि भस्म आरती के नाम पर हो रही ठगी पर रोक लगाने के लिए नई व्यवस्था लागू की जाने वाली है, जिसके तहत अब बाबा महाकाल की भस्म आरती देखने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को मुख्य द्वार से परमिशन दिखाकर जैसे ही एंट्री मिलेगी। वैसे ही उनके हाथों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन बैंड बांध दिया जाएगा। इस बैंड के बंधने से श्रद्धालुओं को बार-बार परमिशन चेक नहीं करवाना पड़ेगी। श्रद्धालुओं को यह बैंड हाथों में तब तक बांधे रखना होगा, जब तक की भस्म आरती पूर्ण न हो जाए।

### लगातार बढ़ रही थी भस्म आरती के नाम पर ठगी

याद रहे की भस्म आरती के नाम पर लगातार धोखेबाज बाबा महाकाल के भोले वाले भक्तों को ठग रहे हैं। इसको लेकर पिछले काफी समय से इस प्रकार की नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि इस नई व्यवस्था से भस्म आरती के नाम पर होने वाली ठगी की घटनाओं में कमी आएगी।

## मोबाइल से बात कर रही थी बहू, पति-जेठ और जेठानी ने पीट-पीट कर अधमरा किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** मुरैना जिले में मोबाइल फोन पर बात करते देख पति ने पत्नी के साथ मारपीट की और बड़े भाई समेत भाभी से भी पत्नी को पिटवाया। रूधि का पुरा में दोपहर दो बजे की घटना को लेकर पीड़िता एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुंची। जानकारी के मुताबिक, रूधि का पुरा में रहने वाले सोनू कुशवाह ने अपनी पत्नी सरिता को मोबाइल फोन पर बात करते देखा तो पति उसे गालियां देने लगा। पति ने हंगामा खड़ा कर अपने बड़े भाई वीरेंद्र कुशवाह व उसकी पत्नी रीना कुशवाह को बुला लिया और पत्नी को घर से बाहर निकालकर तीनों पीटने लगे। तभी गांव के किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बना लिया। वीडियो क्लिप में दिख रहा है, पिटाई से बेहोश सरिता जब जमीन पर गिर पड़ी तो आरोपी पति सोनू ने उसके गले को पैर रखकर दबा दिया। लेकिन शुक्र है कि उसकी जान नहीं गई। महिला को मरणासन्न छोड़ तीनों आरोपी अपने घर में घुस गए।



बाद में सरिता ने मायके से अपने पिता को ससुराल बुलाया और उसको साथ लेकर एफआईआर कराने कैलारस थाने पहुंची। महिला की बेरहमी से पिटाई के वीडियो को देखकर पुलिस ने आरोपी पति, जेठ व जेठानी को थाने बुलाया। पुलिस ने मारपीट का मुकदमा कायम कर शांति भंग के जुर्म में आरोपी सोनू व वीरेंद्र को जेल भेजने की कार्रवाई की।

# महिला आरक्षक ने एसआई की कार से कुचलकर हत्या कर दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़। राजगढ़ रिजर्व पुलिस लाइन में पदस्थ सब इंस्पेक्टर की कार से कुचलकर हत्या कर दी गई। कार पचोर थाने की महिला आरक्षक पल्लवी सोलंकी की थी। वारदात के बाद पल्लवी और उसका साथी करण ठाकुर देहात थाने पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, यहां दोनों ने कहा- हमने एसआई को मार दिया है।**

एसपी आदित्य मिश्रा ने एसडीओपी ऑफिस में महिला आरक्षक से देर रात तक पूछताछ की। बुधवार सुबह देहात थाना प्रभारी गोविंद मीणा ने कहा, 'दोनों आरोपियों ने एसआई की हत्या करने का आरोप स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि एसआई हमारे प्यार के बीच आ रहा था। फिलहाल, मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।' पुलिस के अनुसार, एसआई दीपांकर गौतम मंगलवार दोपहर बाइक से ब्यावरा-देवास हाईवे पर देहात थाने की ओर जा रहे थे। फुंदा मार्केट में पेट्रोल पंप के सामने पल्लवी की कार ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एसआई उछलकर कार के बोनट और आगे के कांच पर लुढ़कते हुए सड़क पर आ गिरे। इसके बाद कार एसआई को करीब 30 मीटर तक घसीट ले गई। उनके सिर, बाएं पैर के घुटने और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें लगीं। वारदात को अंजाम देने के बाद पल्लवी और करण सीधे देहात थाने गए और पुलिस को जानकारी दी। इधर, मौके पर मौजूद दुकानदारों ने घायल एसआई को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार, पल्लवी और करण के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। कुछ दिन पहले आपसी झगड़े में करण ने पल्लवी को गोली मार दी थी। यह गले के पास से लगकर निकल गई थी। उसने खुद को भी गोली मारी थी लेकिन वह भी बच गया था। कुछ समय तक दोनों अलग रहे, फिर साथ हो गए। इसी बीच पल्लवी की दीपांकर से दोस्ती गहरा गई। मंगलवार को दोनों ने दीपांकर को मिलने बुलाया। दीपांकर को अंदेशा था इसलिए उन्होंने अपने एसआई दोस्त सुभाष को भी फोन कर दिया। कहा था- ये दोनों मुझे मार देंगे। साथी एसआई पहुंचे लेकिन तब तक पल्लवी और करण ने बाइक को टक्कर मार दी थी। शिवपुरी जिले में करैरा कस्बे के रहने वाले एसआई दीपांकर गौतम सिटी थाने में पदस्थ थे, तब उन्हें लाइन हाजिर किया गया था। रिश्वत मांगने की इस शिकायत में जांच भी चल रही है। एसआई गौतम दुष्कर्म के केस में जेल जा चुके हैं। हालांकि, कोर्ट से दोषमुक्त होने के बाद पुलिस सेवा में वापस आ गए थे।



दीपांकर गौतम, मृतक

पल्लवी सोलंकी, आरोपी

## एमबीबीएस स्टूडेंट ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** इंदौर में एमबीबीएस के एक स्टूडेंट ने अपने रूममेट्स से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे उज्जैन में वसंत बिहार स्थित घर में उसका शव फंदे पर लटका मिला। उसने गूगल पर फंदा लगाने के तरीके के बारे में सर्च किया था। पुलिस को अब तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।स्टूडेंट का नाम पंशुल व्यास है, वह उज्जैन का रहने वाला था। अपने रूममेट्स के रवैये से काफी दिनों से परेशान चल रहा था। उसने इस बारे में अपने एक दोस्त को भी बताया था। पंशुल के मोबाइल में रूममेट्स पर प्रताड़ित करने वाली चैट्स भी सामने आई है। उज्जैन की नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पंशुल की मां ने इसे हत्या बताते हुए जिम्मेदारों की गिरफ्तारी की मांग की है। पंशुल के चचेरे भाई तुषार ने बताया- पंशुल इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था और द्वितीय वर्ष का छात्र था। दो साल पहले उसने नीट एग्जाम में उज्जैन में टॉप किया था। उसके मोबाइल में कुछ करीबी दोस्तों के साथ हुई कई चैटिंग मिली है। इसमें उसने अपने रूममेट्स से प्रताड़ित होने का जिक्र किया है। उसके रूममेट्स एक समुदाय से संबंधित हैं। जिसे लेकर वे हमेशा उसे नीचा दिखाते थे।

## फ्री फायर गेम की लत में लड़के ने की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** 17 साल के लड़के ने अपनी मां से पूछा, 'तीसरी मंजिल से कूदने पर कितनी चोट लगती है'। एकबारगी तो मां भी सकपका गई। कहा- तू यह क्यों पूछ रहा है।' दूसरे दिन उसने तीसरे मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। शव घर के पास लहूलुहान हालत में मिला। परिजन ने बताया कि बेटे को फ्री फायर गेम की लत थी। घटना वाले दिन पूरी रात वह गेम खेल रहा था। घटना मंगलवार सुबह करीब 5 बजे मुरैना के अरतसुमा की है। दोपहर में शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। मुरैना जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर अरतसुमा में प्रधानमंत्री आवास बने हैं। यहां 17 साल का लड़का अपने माता-पिता के साथ रहता था। पिता बेंगलुरु में टाइल्स मिस्त्री का काम करते हैं। खुद बेंगलुरु में ही मिठाई की दुकान पर काम करता था। 27 अगस्त को ही वह मुरैना आया था।

## मध्य प्रदेश ने अपनाई साइबर तहसील, 70 दिनों वाला काम 20 दिनों में हुआ पूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** साइबर तहसील के जरिए बीते 6 महीने में एक लाख से ज्यादा किसानों के पास नामांतरण आदेश पहुंचाए गए हैं। ये आदेश ई-मेल और व्हाट्सएप के जरिए किसानों को भेजे गए। आपको बता दें कि काम इतनी तेजी से हुआ कि जो काम पारंपरिक तहसील के जरिए 70 से ज्यादा दिनों में होता था, वह काम इस साइबर तहसील के जरिए 20 से भी कम दिनों में हो गया है। इससे बेहद सकारात्मक बदलाव देखने को मिले। आपको बता दें कि साइबर तहसील की कार्यप्रणाली को देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश ने लागू किया है। प्रमुख राजस्व आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि साइबर तहसील की शुरुआत 29 फरवरी 2024 को हुई थी। शुरुआत में सम्पूर्ण खसरा के क्रय-विक्रय की रजिस्ट्री के आधार पर साइबर तहसील से नामांतरण की व्यवस्था की गई। साइबर तहसील 1.0 की सफलता के बाद अगस्त महीना में साइबर तहसील 2.0 की शुरुआत की गई। इसके लागू होने से सम्पूर्ण खसरा के साथ खसरा के भाग, हिस्सा के क्रय-विक्रय के नामांतरण की व्यवस्था भी साइबर तहसील से होने लगी है। साइबर तहसील व्यवस्था को सही ढंग से चलाने के लिए तहसीलदार और नायब तहसीलदार के पदों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। ये संख्या पहले 11 थी, जिसे बढ़ाकर 25 किया गया है। साइबर तहसील व्यवस्था सभी 55 जिलों में लागू हो चुकी है। ये पूरी तरह से पेपरलेस,फेसलेस ऑनलाइन व्यवस्था है।

## संपादकीय

### पैरालंपिक से मिलीं खुशियां

अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं कि इतने बड़े देश के खिलाड़ी उपलब्धियों की कसौटी पर पीछे क्यों रह जाते हैं। हाल ही में पेरिस में हुए ओलंपिक में पदक-तालिका में भारत की स्थिति को लेकर मायूसी, चिंता और अफसोस की स्थिति देखी गई। मगर अब पेरिस में ही हुए पैरालंपिक खेल प्रतियोगिता में भारत को जिस तरह की कामयाबी मिली है, उसे अब तक के ऐसे आयोजन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है। गौरतलब है कि इस बार 2024 के पेरिस पैरालंपिक में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले के मुकाबले सबसे ज्यादा पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया। भारत के हिस्से में कुल उनतीस पदक आए, जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और तेरह कांस्य पदक हैं। इससे पहले तोक्यो पैरालंपिक में भारत ने उन्नीस पदक जीते थे। कहा जा सकता है कि वक्त के साथ भारत के खिलाड़ियों की क्षमता में गुणात्मक सुधार आया है और यह गहरी प्रतिबद्धता और मेहनत का नतीजा है। यह सही है कि पैरालंपिक और ओलंपिक में खेल और उसमें पदकों की अहमियत के स्तर अलग-अलग हैं। ओलंपिक में जहां खिलाड़ी के शरीर की क्षमता का परीक्षण होता है, तो पैरालंपिक में हिस्सा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की कसौटी पर आंके जाते हैं। इसमें यह भी उजागर होता है कि शारीरिक रूप से अन्य तरह से सक्षम खिलाड़ियों की खोज, उनके प्रशिक्षण, उन्हें मिलने वाली सुविधाएं, अवसर और उन पर खर्च के मामले में देश की सरकार ने कैसा रुख अपनाया है। पिछले दो दशकों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों का रुख सकारात्मक रहा है। इसका साफ असर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन पर देखा जा रहा है, जहां भारतीय खिलाड़ी खेलों की दुनिया में उम्मीद की राह बना रहे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि खेल का मैदान इसीलिए होता है कि उसमें जीत हासिल करने के लिए ज्यादा से ज्यादा कोशिश की जाए। जीत गए तो उससे बेहतर करने और नहीं जीते तो अगली बार जीत के लिए फिर से खुद को तैयार करने की राह पर चलते रहने की प्रक्रिया जारी रखी जाए।

**अर्ज किया है..!**

*कर के खुद अपने सारे*
*सुबूतों को मुस्तरद*
*उँगली उठा रहा हूँ मैं*
*अपने वजूद पर*

-जहाँगीर नायाब

## ज्ञान-विज्ञान

# पृथ्वी के करीब आ रही तबाही

## धरती के पास से गुजरेगा हवाई जहाज के बराबर का एस्टेरॉयड, क्या खतरनाक होगा?

अगर एक विशाल एस्टेरॉयड पृथ्वी से टकरा जाए तो बड़ी तबाही ला सकता है। धरती के करीब से एक विशाल एस्टेरॉयड गुजरने वाला है। यह एस्टेरॉयड एक हवाई जहाज के बराबर के आकार का है। लेकिन वैज्ञानिक इसे खतरनाक नहीं मानते। वह इसे अवलोकन का मौका मानते हैं।



धरती के करीब से 8 सितंबर को एक तबाही गुजरने वाली है। धरती के करीब से एक 100 फुट आकार का एस्टेरॉयड गुजरेगा। यह लगभग एक हवाई जहाज के आकार का है। अगर यह एस्टेरॉयड धरती पर गिरे तो एक बड़ी तबाही ला सकता है। लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। यह एस्टेरॉयड पृथ्वी से 15.2 लाख किमी की सुरक्षित दूरी से गुजरेगा। पृथ्वी और चंद्रमा की दूरी से यह लगभग चार गुना ज्यादा है। हालांकि इसका पृथ्वी के करीब से गुजरना भी आकर्षित करता है। वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि एस्टेरॉयड से तत्काल कोई खतरा नहीं है। इस उल्कापिंड का नाम 2024 RF2 है। ऐसे छोटे आकार के एस्टेरॉयड अक्सर हमारी पृथ्वी के करीब से गुजरते रहते हैं। यह पृथ्वी के करीब की वस्तुए हैं। इनका पृथ्वी के करीब से गुजरना वैज्ञानिकों को इनकी निगरानी करने का सुनहरा मौका देता है। इसके अलावा इनसे होने वाले जोखिमों के आकलन में मदद करता है। इनका आकलन तब भी किया जाता है, जब ये एस्टेरॉयड कोई नुकसान न पहुंचाने वाले हों।

### एस्टेरॉयड की स्टडी क्यों जरूरी

एस्टेरॉयड को अक्सर लघु ग्रह कहा जाता है। यह शुरुआती सौर मंडल के प्राचीन अवशेष हैं। यह लगभग 4.6 अरब साल पुराने हैं। ग्रहों के विपरीत इनमें वायुमंडल का अभाव होता है। उनका आकार भी अनियमित होता है। वैज्ञानिक लगातार इनकी स्टडी करते रहते हैं, ताकि भविष्य में इसके पृथ्वी से टकराने से जुड़ी भविष्यवाणी कर सकें। वह इनके पथों को ट्रैक करते हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर यह किस प्रकार अंतरिक्ष में घूमते हैं।

### पृथ्वी के लिए खतरनाक हैं एस्टेरॉयड

एस्टेरॉयड हमेशा से पृथ्वी के लिए खतरनाक रहे हैं। इतिहास में पृथ्वी पर एस्टेरॉयड की टक्कर होती रही है। चिक्सुलब की घटना इनमें से एक है। इसके कारण लगबग 6.6 करोड़ साल पहले डायनासोर का पूरी तरह खात्मा हो गया। ऐसे में एस्टेरॉयड के खतरों को लेकर हमेशा सवाल उठते रहते हैं। OSIRIS-REx और हायाबुसा-2 जैसे मिशनों ने एस्टेरॉयड के नमूनों को इकट्ठा किया है। यह सौर मंडल की उत्पत्ति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि उन्हें पता चल सकेगा कि धरती पर पानी कैसे पहुंचा।

Karnataka

# गणेश विसर्जन में बहस, मारपीट, पत्थरबाजी और आगजनी... ऐसे सांप्रदायिक हिंसा की आग में सुलग उठा कर्नाटक का मांड्या

**मांड्या, (एजेंसी)** कर्नाटक के मांड्या में गणेश विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई है. हालात इतने खराब हो गए कि उपद्रवियों ने पथराव के बाद कई दुकानों और कपड़ों के साथ-साथ बाइक के शोरूम को आग के हवाले कर दिया. इतना ही नहीं बेकाबू भीड़ ने सड़क पर खड़ी बाइकों को भी फूंक दिया. हालात को संभालने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा.

दरअसल, बदरिकोप्पलु गांव के युवक गणेश विसर्जन के लिए जुलूस निकाल रहे थे. जुलूस नागमंगला की मुख्य सड़क पर एक मस्जिद के पास से गुजरा. बताया जा रहा है कि इस दौरान जुलूस पर पथराव हुआ. हालात बिगड़ गए और दोनों समुदायों के बीच झड़पें होने लगीं.



पुलिस ने जब लाठीचार्ज किया तो गुस्साए हिंदू समुदाय के लोगों ने थाने के सामने प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों की गिरफ्तारी की मांग की. घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल ने आज नागमंगला में बंद का आह्वान किया है. इस मामले में पुलिस ने 52 लोगों को हिरासत में लिया है. पुलिस की कार्रवाई के बाद पकड़े गए लोगों के परिजन थाने के सामने इकट्ठा हो गए और अपने लोगों को छोड़ने की मांग करने लगे. उन्होंने कहा,'हमारे लोगों ने कुछ भी गलत नहीं किया, उन्हें बिना किसी कारण के गिरफ्तार किया गया है.' इस दौरान महिलाओं ने पुलिस के सामने आंसू भी बहाए, जिसके बाद पुलिस ने महिलाओं को कानूनी सलाह दी. पुलिस ने कहा कि सभी को पूछताछ के लिए लाया गया है, जो निर्दोष होगा, उसे छोड़ दिया जाएगा.

Jammu

## चुनाव से पहले कश्मीर को दहलाने की थी साजिश, LoC के पास से हथियारों का बड़ा जखीरा जब्त



**कुपवाड़ा, (एजेंसी)** सुरक्षाबलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कुपवाड़ा के केरन सेक्टर के एक जंगल हथियारों का बड़ा जखीरा जब्त किया है। सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भी भंडाफोड़ किया है और हथियारों और गोला-बारूद का बरामद किए हैं। सूत्रों के मुताबिक इन गोला-बारूद का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले डर और दहशत पैदा करना था। इससे पहले खास खुफिया सूचनाओं के आधार पर केरन सेक्टर में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। इंडिया टीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह खुफिया जानकारी श्रीनगर में तैनात विशेष चुनाव पर्यवेक्षक और खुफिया टीमों ने दी थी जिसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी दल को एक पेड़ के पास 10 फीट की एक बड़ी गुफा मिली जहां आतंकवादियों ने हथियार, गोला-बारूद और हथियार जमा किए थे। इसका उद्देश्य चुनावों में बाधा डालना और जम्मू-कश्मीर में दहशत फैलाना था।

बताए गए क्षेत्र में तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का बहुत बड़ा जखीरा बरामद किया। इसमें एके-47 राउंड, हैंड ग्रेनेड, आरपीजी राउंड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के लिए सामग्री और इस तरह की दूसरी चीजें शामिल हैं।

Rajasthan

## कुएं की चल रही थी खुदाई, अचानक में धंस गई मिट्टी, 3 लोगों की दबने से मौत

**सीकर, (एजेंसी)** सीकर के एक गांव में कुएं की खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी धंस जाने से अंदर तीन लोग दब गए. दब जाने के कारण तीनों की मौत हो गई. मरने वालों में दो नाबालिग हैं. तीनों एक ही परिवार के बताए जाते हैं. हादसे के बाद हड़कंप मच गया. आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और मिट्टी हटाकर शवों को निकालना शुरू कर दिया.

बताया जाता है कि एक शख्स अपनी दो भतीजों के साथ कुआं खोद रहा था. तभी ये हादसा हो गया. यह घटना दांता रामगढ़ के राजनपुरा गांव का है. बताया जाता है कि खुदाई करते-करते अचानक से मिट्टी धंस गई थी. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची. मौके पर पहुंचे डीएसपी जाकिर अख्तर ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मिट्टी के अंदर दब जाने से दम घुटने के कारण तीनों की मौत हो गई. मृतकों की पहचान दांता रामगढ़ के राजनपुरा गांव के रहने वाले किशन सिंह (40), विक्की उर्फ विकास (15) और राहुल (16) के रूप में की गई है.

Uttarpradesh

## अमरोहा में THAR ने भीड़ को रौंदा, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चार युवकों को पकड़ा

**अमरोहा, (एजेंसी)** यूपी के अमरोहा में मामूली बात पर भीड़ पर कथित रूप से THAR चढ़ाने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को गाड़ी के चालक समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए सभी युवक शाहबाजपुर डोर के रहने वाले हैं। सीओ ने बताया कि घटना में शामिल गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। दरअसल रविवा को गजरौला थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर डोर गांव



में एक साप्ताहिक बाजार के दौरान दो समूहों के बीच विवाद हो गया। जिस पर थार सवार युवक ने भीड़ पर गाड़ी चढ़ाते हुए भाग निकला। जिससे पांच लोग घायल हो गए। आनन-फानन में सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। गनीमत यही रही को किसी को ज्यादा चोटे नहीं आईं। वहीं, इस घटना का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टिल लाइव हिन्दुस्तान नहीं करता है।

खेल

# भारत ने मलयेशिया को 8-1 से रौंदा

### लगाई जीत की हैट्रिक, सेमीफाइनल में बनाई जगह

**बीजिंग, (एजेंसी) गत चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में मलयेशिया को 8-1 से रौंद दिया। इस मैच को जीतने के साथ ही भारत ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। भारत ने बुधवार को लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। भारत के लिए पांच अलग-अलग खिलाड़ियों ने आठ गोल दागे। इनमें राज कुमार पाल के तीन गोल, अरिजीत सिंह हुंडल के दो गोल, जुगराज सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उत्तम सिंह का एक-एक गोल शामिल है।**





मलयेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनुवर ने 34वें मिनट में एक गोल किया। भारत अभी तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। छह टीम का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी, जबकि 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। भारतीय टीम के फॉरवर्ड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज कुमार पाल ने तीसरे, 25वें और 33वें मिनट में तीन गोल दागे, जबकि अरिजीत सिंह हुंडल ने छठे और 39वें मिनट में दो गोल किए। जुगराज सिंह ने सातवें, हरमनप्रीत सिंह ने 22वें और उत्तम सिंह ने 40वें मिनट में एक एक गोल दागे। भारत फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है। तीन जीत के बाद उसके नौ अंक हैं। वहीं, पाकिस्तान पांच अंक लेकर दूसरे और चीन तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया दो अंक लेकर दूसरे, जापान एक लेकर पांचवें और मलयेशिया एक अंक लेकर छठे स्थान पर है। भारत ने इससे पहले चीन और जापान को हराया है।

सिनेमा

## असमिया अभिनेत्री और उनके पति गिरफ्तार, शेयर कारोबार घोटाला मामले में पुलिस की कार्रवाई



असमिया अभिनेत्री, कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सुमी बोरा और उनके पति तार्किक बोरा को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने करोड़ों रुपये के ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले में वांछित थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एसटीएफ ने दोनों को डिब्रूगढ़ में हिरासत में लिया। मामले के मुख्य आरोपी 22 वर्षीय विशाल फुकन की गिरफ्तारी के बाद दंपति और चार अन्य को नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, वे पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। इसके बाद इन सभी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। अभिनेत्री ने कुछ स्थानीय टेलीविजन चैनलों को एक वीडियो संदेश भेज कर दावा किया था कि वह आत्मसमर्पण करेंगी और पुलिस के साथ पूरा सहयोग करेंगी। कंपनी के मालिक फुकन ने कथित रूप से निवेशकों को धोखा दिया था। फुकन को पिछले सप्ताह उसके मैनेजर के साथ डिब्रूगढ़ से गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच का जिम्मा अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने संभाला और विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। इससे पहले करोड़ों रुपये के शेयर बाजार ट्रेडिंग घोटाले के सिलसिले में असम की अभिनेत्री सुमी बोरा की मुश्किलें तब बढ़ गई थीं।

## Highlights

1. **Kerala woman grows 1,500 dragon fruits/ season, earns ₹1.5L / month**
2. **BJP denies ticket to Ram Bilas in its final list for Haryana polls**
3. **ED raids properties of ex-RG Kar principal in Bengal over fraud**
4. **No 'prudent' woman would visit hotel room on 1st meeting: HC on acquitting rape accused**
5. **Who all are eligible for ₹5 lakh health cover under govt's Ayushman Bharat scheme?**

# Paytm's Vijay Shekhar Sharma's 'thank you' message for PM Modi: 'World is...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Paytm CEO Vijay Shekhar Sharma addressed company's 24th Annual general meeting in which he talked about the power of AI, lessons learnt in the last six months and future roadmap for the company. Vijay Shekhar Sharma also thanked Prime Minister Narendra Modi for highlighting QR innovation.

He said, "Today, India stands at a stage where the whole world is talking about India's payments and its digital revolution."

He added, "We, as a nation, have leapfrogged to become leaders in financial technology, and now we have the opportunity and obligation to extend that leadership into AI technology."

Focus to be on Paytm's PAT, Vijay Shekhar Sharma says

Sharing Paytm's focus, Vijay Shekhar Sharma said, "My board members advised me to shift the focus from EBITDA before



ESOP as a benchmark to PAT (Profit After Tax). We recognise that EBITDA before ESOP, due to its large ESOP charge, provides only a partial picture of our financial health. Our commitment is now to focus on PAT, reflecting our drive towards true profitability."

Paytm's AI capabilities

Reflecting on his company's AI focus, Vijay Shekhar Sharma said, "I also see myself as a navigator of the company. Industries will change and will have a profound impact. The power of AI will become exponential. We have become the leader in financial technology and extend the same lead in AI technology."

Paytm President Madhur Deora said that the company has a robust balance sheet and cash balance was ₹8,500 crore as of FY24. He said, "Paytm wants to bring half-a-billion Indians to mainstream economy through technology led services. Our Paytm soundbox prevents fraud for merchants by announcing only successful transactions and also improves efficiency by removing time and effort of payment verification."

# Bangladesh's interim government to review Adani Power deal: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** As Indian businesses in Bangladesh, including Adani Group, sought clearance of dues, Muhammad Yunus-led interim government is set to review the deals, Indian Express reported after Adani Group requested the Bangladesh government to expedite clearance of $800 million that the Bangladesh Power Development Board (BPDB) owed for power




supply.

Citing a senior government official the report claimed that Bangladesh wants to check the terms of the contract and the prices being paid for the power supply.

"There will be scrutiny of Indian businesses like the Adani business... what kinds of contracts have been signed, what are the terms and conditions, one cannot have a foreign company not follow the law of the land," the report quoted the unnamed official as saying.

Other than Adani Power, Indian firms including PTC India, NVVL Ltd and Semcorp Energy India supply power to Bangladesh.

# साइबर फ्राड से बचने का मूल मंत्र है सतर्कता

## निजी जानकारी किसीसे शेयर नही करना है ये गांठ बांध लो

### एसजेएचएस गुजराती कालेज में लगी सायबर पाठशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। साइबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा जा रहा है। इसी कड़ी में एति. पुलिस उपायुक्त क्राइम एचजेएचएस गुजराती कालेज में स्टूडेंट्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।**

सायबर अवेयरनेस के तहत एसजेएचएस गुजराती इनोवेटिव कालेज कॉमर्स एंड साइंस में आयोजित कार्यक्रम में एडि. डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने 290 वीं कार्यशाला में 550 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों की जानकारी दी। उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड, एटीएम और ओटीपी के माध्यम से किए जाने वाले फ्राड, फर्जी लिंक, फर्जी ओएलएक्स, मार्केट ऐप वाले फ्राड, सेक्सटॉरसन फ्राड फर्जी लोन आदि के साथ ही सोशल मीडिया से संबंधित साइबर फिशिंग बुलिइंग आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते बताया। साथ ही साइबर अपराध होने पर हेल्पलाइन. 1930, एनसीआरपी पोर्टल, साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के बारें में महत्वपूर्ण टिप्स भी दी। इस अवसर पर संस्थान के स्टूडेंटस, सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# 20 वर्षीय युवती लापता

## परिजन ने दर्ज कराई गुमशुदगी, पुलिस कर रही तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के रहने वाले श्रमिक परिवार की 20 वर्षीय युवती के गुमशुदा होने का मामला सामने आया है। सहायक उपनिरीक्षक राजेश सिलोरिया ने बताया कि बुधवार सुबह डॉ. कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड में श्रमिक परिवार रहने वाले के सदस्यों ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 20 वर्षीय लडक़ी सोमवार शाम से लापता है। परिजनों ने बताया कि सोमवार शाम 6 बजे के लगभग किसी काम से लडक़ी घर से बाहर गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं आई। हमने अपने रिश्तेदारी और पहचान वालों के यहां अपनी बेटी की तलाश की। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसस के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक